संख्या: 99/2025/1334/छप्पन-2025-01/2016

प्रेषक,

ईशान प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में ,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ; दिनांक: 17 नवम्बर, 2025

विषयः जनपद अलीगढ़ में धनीपुर एयरपोर्ट हेतु क्रय से अवशेष क्षेत्रफल 51.0237 है0 भूमि के अर्जन/अधिग्रहण संबंधी सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु नामित एजेंसी गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नॉएडा पर आने वाले व्यय के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 149/आर0सी0एस0-2025-बी-2/2023 दिनांक 25.08.2025 एवं पत्र संख्या 204/आर0सी0एस0-2025-बी-2/2023 दिनांक 30.09.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जिलाधिकारी, अलीगढ़ के पत्र संख्या 5237/आठ-वि0भू0अ0अ0/(सं0सं0)/ अलीगढ़ दिनांक 24.07.2025 द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रस्ताव के क्रम में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु धनराशि रू0 17,70,000/-Incl. GST (रूपए सत्रह लाख सत्तर हज़ार मात्र) के व्यय की स्वीकृति शासनादेश संख्या- 44/2023/428/छप्पन-2023-01/201 6 दिनांक 28 मार्च, 2023 के माध्यम से जनपद अलीगढ़ स्थित हवाई अड्डे के विकास/विस्तारीकरण के लिए भूमि के क्रय हेतु अनुमानित लागत रू0 8,75,67,02,476/- (रूपए आठ अरब पचहत्तर करोड़ सड़सठ लाख दो हजार चार सौ छिहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष जिलाधिकारी, अलीगढ़ को परियोजना हेतु स्वीकृत व आवंटित रू0 7,38,59,72,000/- (रूपए सात अरब अड़तीस करोड़ उनसठ लाख बाहत्तर हजार मात्र) में से जिलाधिकारी, अलीगढ़ के पास उपलब्ध अवशेष धनराशि रू0 96,52,15,669/- में से प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या- 44/2023/428/छप्पन-2023-01/2016 दिनांक 28 मार्च,2023 के माध्यम से जनपद अलीगढ़ स्थित हवाई अड्डे के विकास/विस्तारीकरण के लिए प्रथम एवं द्वितीय चरण हेतु प्रस्तावित 275.7449 है0 अतिरिक्त भूमि के क्रय हेतु अनुमानित लागत रू0 8,75,67,02,476/- (रूपए आठ अरब पचहत्तर करोड़ सड़सठ लाख दो हजार चार सौ छिहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष स्वीकृत व आवंटित धनराशि रू0 7,38,59,72,000/- (रूपए सात अरब अड़तीस करोड़ उनसठ लाख बाहत्तर हजार मात्र) में से जिलाधिकारी, अलीगढ़ के पास उपलब्ध अवशेष धनराशि रू0 96,52,15,669/- में से सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु कुल धनराशि रू0 17,70,000/-Incl. GST (रूपए सत्रह लाख सत्तर हज़ार मात्र) के व्यय की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

उक्त धनराशि जिलाधिकारी, अलीगढ़ द्वारा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर के निम्नांकित खाते में जमा कराई जाएगी:-

Account No: 6660000100000025
Account Name:- Gautam Buddha University
Bank Name:- Punjab National Bank
RTGS/NEFT/IFSC Code:- PUNB0666000
Bank Address:- Gautam Buddha University, Yamuna Expressway, Near Kasna, Greater Noida, Distt-Gautam Budh Nagar, UP

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश ई-पत्रावली संख्या- 56-1099/181/2019 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ईशान प्रताप सिंह
विशेष सचिव।

पृ0सं0: 99/2025/1334(1)/छप्पन-2025, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10
3. आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ ।
4. जिलाधिकारी, अलीगढ़ ।
5. नोडल अधिकारी, एस0आई0ए0, गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नॉएडा, गौतमबुद्धनगर।
6. उप-जिलाधिकारी, तहसील-कोल, जनपद-अलीगढ़।
7. निदेशक, भूमि अध्याप्ति, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/अलीगढ़।
9. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-1/राजस्व अनुभाग-13
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।